हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 12 जुलाई 2024

06 एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत लगाए पौधे, बचाने...



07 चोरी के 16 मोटर पंपों के साथ 3 गिरफ्तार...





### खबर संक्षेप

#### खेती में आए बदलाव के बारे में अपडेट रहना जरूरी

**सीहोर।** सीहोर विकासखंड के सांकल, छतरपुरा ग्राम स्थित राम बीज उत्पादक समिति का कलेक्टर प्रवीण सिंह ने बुधवार को निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संस्था के गोदाम तथा बीज प्रसंस्करण इकाई का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने जिले के किसानों को गुणवत्तापूर्ण बीजों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के कृषि अधिकारियों को निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान बीज तैयार करने के सम्पूर्ण प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी ली गई। बीज प्रसंस्करण की संपूर्ण प्रक्रिया ग्रेडिंग, पैकेजिंग तथा भंडारण और विक्रय की व्यवस्था देखी गई। इस समिति द्वारा लगभग 900 क्विंटल बीज उत्पादन किया जाता है। क्षेत्र के 1000 से अधिक किसानों द्वारा इस बीज उत्पादक समिति से बीज लिया जाता है। किसानों को सलाह दी गई कि वे उन्नत बीज का उपयोग तथा नवीनतम कृषि पद्धतियों का उपयोग करें। किसानों को खेती में आ रहे बदलाव के बारे में अपडेट रहना चाहिए और खेती के दौरान कृषि वैज्ञानिकों की सलाह के अनुसार खाद, बीज और कीटनाशकों का उपयोग करना चाहिए।

#### 15 तक करें पाठ्यक्रम के लिए आवेदन

**सीहोर।** स्कूल शिक्षा विभाग में एक वर्षीय सेवा कालीन प्रशिक्षण (अंग्रेजी भाषा) प्रारंभ किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण राज्य शिक्षा केंद्र के अंतर्गत संचालित आंग्ल भाषा शिक्षण संस्थान (इंग्लिश लैंग्वेज टीचिंग इन्स्टीट्यूट) में दिया जाएगा। यह पाठ्यक्रम बरकतउल्ला विश्वविद्यालय से संबद्ध है। राज्य शिक्षा केंद्र ने स्कूल शिक्षा विभाग के शिक्षकों से प्रशिक्षण के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। आवेदन 15 जुलाई 2024 तक जमा कराए जा सकते हैं।

#### मदरसा बोर्ड के परीक्षा आवेदन-पत्र 25 तक

**सीहोर।** मदरसा बोर्ड की हाई स्कूल और हायर सेकेण्डरी उर्दू माध्यम परीक्षा सत्र 2024 के लिए परीक्षा आवेदन-पत्र अधिकृत अध्ययन केन्द्रों के माध्यम से ऑनलाइन भरे गये थे अब बोर्ड ने नियत आवेदन तिथि को बढ़ाया है और बिना विलम्ब शुल्क के आवेदन-पत्र 25 जुलाई, 2024 तक भरे जा सकेंगे।

### 181 करोड़ से अधिक राशि से हुआ सड़क निर्माण, लेकिन नहीं हुआ गुणवत्तापूर्ण काम

# एमपीआरडीसी के अफसरों ने माना, सीहोर से भैरूंदा तक हुआ सड़क का घटिया निर्माण

### अफसरों ने किया निरीक्षण, स्थानीय नागरिकों ने जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरूंदा

सीहोर से भैरूंदा तक बनी सड़क के निरीक्षण के दौरान मध्यप्रदेश रोड डेवलपमेंट कारपोरेशन (एमपीआरडीसी) के अफसरों ने माना है कि इस सड़क में कहीं-कहीं गुणवत्ताहीन काम हुआ है। सबसे घटिया काम कोसमी से बिजला के बीच में होना पाया है। सीहोर से भैरूंदा तक करीब 75 किलोमीटर की सड़क का निर्माण विगत वर्षों में हुआ है। इस रोड को तीन अलग-अलग कंपनियों ने पूरा किया है। सीहोर से कोसमी तक शिवहरे कंस्ट्रक्शन ने इस रोड को बनाया है तो वहीं कोसमी से बिजला तक बीएसआर कंस्ट्रक्शन कंपनी ने इसका निर्माण किया है। अब बिजला से भैरूंदा के बीच में दिल्ली की कोई कंस्ट्रक्शन कंपनी ने काम किया है। इस दौरान सड़क निर्माण करने वाली कंपनियों एवं ठेकेदार पर लगातार घटिया काम का आरोप लगता रहा। सीहोर से बिजली तक बने रोड का निर्माण बेहद घटिया तरीके से हुआ है। सबसे घटिया काम कोसमी से बिजला के बीच में हुआ है। यहां तक करीब 166 करोड़ की लागत से रोड का निर्माण कार्य पूरा किया गया है, वहीं बिजला से भैरूंदा तक करीब 15 करोड़ की लागत से रोड बनाई गई है। अब इस सड़क का निरीक्षण करने के लिए एमपीआरडीसी के अधिकारी पहुंचे तो उन्हें भी यहां के स्थानीय लोगों के विरोध का सामना करना पड़ा। भैरूंदा, लाड़कुई सहित अन्य स्थानों के लोगों ने सड़क निर्माण को लेकर







अधिकारियों को जमकर सुनाई। ठेकेदार ने सड़क के किनारे नाली तो बनाई, लेकिन इसकी निकासी नहीं की। इसके कारण पानी लोगों के घरों में घुस गया।

#### नाली बनाई, लेकिन निकासी करना भूले

सीहोर से भैरूंदा तक बनी करीब 75 किलोमीटर सीसी रोड अपने निर्माण के समय से ही विवादों में रही है। पहले सड़क निर्माण के दौरान घटिया निर्माण कार्य के चलते कंपनी और ठेकेदारों की शिकायतें खूब हुईं, लेकिन अधिकारियों ने उस समय शिकायतों पर ध्यान नहीं दिया। इसके कारण कंपनी और ठेकेदार मनमानी से रोड बनाते गए। कई जागरूक लोगों ने लिखित में भी शिकायतें की, लेकिन इन शिकायतों का भी कोई असर नहीं हुआ। इसके बाद जब निर्माण कार्य पूरा हुआ तो अधिकारियों की आंखें खुलीं। अब एमपीआरडीसी के अधिकारियों ने निरीक्षण के दौरान कई खामियां पाई हैं। बिजली से भैरूंदा के बीच में बनी सड़क में ठेकेदार ने नगरीय क्षेत्र में नालियां तो बनाई, लेकिन पानी की निकासी नहीं दी। इसके कारण पिछले दिनों हुई बारिश का पानी लोगों के घरों में घुस गया। जब एमपीआरडीसी के अधिकारियों ने निरीक्षण किया तो यहां के रहवासियों ने भी उन्हें सामने विरोध जताया और ठेकेदार पर मनमानी का आरोप भी लगाया। लोगों ने अधिकारियों को बताया कि यहां पर मनमानी से काम हुआ है। अधिकारियों ने निरीक्षण के दौरान लाड़कुई, भैरूंदा सहित कई अन्य स्थानों की सड़कों को देखा।



# सलकनपुर के प्रसिद्ध विजयासन मंदिर में दिखा भालू, आए दिन आता है नजर

**सीहोर।** देशभर में प्रसिद्ध सलकनपुर देवीधाम विजयासन मंदिर परिसर में बीती रात भालू आ गया। गनीमत रही रात के समय विजयासन धाम पर श्रद्धालु नहीं थे। मंदिर के सुरक्षाकर्मी ने सूझबूझ से भालू को मंदिर से बाहर भगाया। भालू पूर्व में भी लोगों को घायल भी कर चुका है।

आए दिन सलकनपुर देवीधाम विजयासन मंदिर परिसर में जंगली जानवरों का मूवमेंट लगातार देखने को मिल रहा है। बीती बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात मंदिर परिसर में एक भालू घूमता हुआ नजर आया। परिसर की सुरक्षा के काम में लगे जमुना प्रसाद श्रीवास ने



बताया कि उन्हें रात में मंदिर परिसर से सीढ़ी मार्ग की तरफ से भालू आता हुआ दिखाई दिया था। जो मुख्य मंदिर के पास तक आ गया था। रात के समय में मैंने कुत्ते को उसके पीछे लगाया। इसके बाद भालू वहां से भागा ओर सीढ़ी मार्ग से नीचे उतर गया। मंदिर परिसर में आए भालू को भगाते हुए उन्होंने वीडियो भी बनाया, जो तेजी से वायलर हो रहा है।

**भालू का भगाते हुए वीडियो आया सामने :** मंदिर परिसर में भालू आने की जानकारी सामने ही सुरक्षा बल के जमुना प्रसाद उसे कुत्ते की मदद से भगा रहे थे। उन्होंने कुत्ते को भालू के पीछे लगा दिया। कुत्ते को भौंकते हुए अपने पीछे आता देखकर भालू भाग गया। इस दौरान जमुना प्रसाद अलग-अलग तरह की आवाजें निकालते हुए भालू को भगा रहे हैं।

#### भालू कर चुका है हमला

जमुना प्रसाद बताते हैं कि भालू आए दिन मंदिर के आसपास दिखाई देता रहता है। भालू यहां पर श्रद्धालुओं पर हमला भी कर चुका है। उसने दो बार लोगों पर हमले किए हैं। भालू के हमले में लोग घायल भी हो चुके हैं।

## वन विभाग पर भारी वन माफिया, सख्ती की तो माफिया ने फैलाया जंगल में करंट, एक वनकर्मी चपेट में आया

#### हथियारों से लैस वन माफिया से कैसे निपटे लाठी लेकर वन अमला, ये बड़ा सवाल

**भैरूंदा।** एक तरफ वन माफिया लगातार वनों की अवैध कटाई करने में जुटा है तो वहीं इस माफिया को रोकने के लिए तैनात वन अमला लाचार है। वन विभाग पर इस समय वन माफिया पूरी तरह भारी है। अब वन माफियाओं ने जंगल में करंट फैला दिया, ताकि उनकी अवैध कटाई चलती रहे। जब इन माफियाओं की धरपकड़ के लिए वन अमला पहुंचा तो इसमें से एक वनकर्मी इस करंट की चपेट में आ गया। मामला सीहोर जिले के लाड़कुई वन परिक्षेत्र का है।

सीहोर जिले के लाड़कुई, रेहटी सहित अन्य परिक्षेत्रों के जंगलों से लगातार अवैध कटाई की जा रही है। इन जंगलों को वन माफियाओं ने पूरी तरह से मैदान में तब्दील कर दिया है। अब इन माफियाओं की धरपकड़ के लिए वरिष्ठ अफसरों के निर्देश पर वन अमला सक्रिय हुआ है, लेकिन जंगल माफियाओं के आगे वनकर्मी नतमस्तक हैं। वन माफिया हथियारों से लैस होकर चलता है, लेकिन वन विभाग के वनरक्षकों के पास उनसे निपटने के लिए हथियार नहीं हैं। वे लाठी के दम



पर कैसे वनों की रक्षा करें, यह भी एक बड़ा सवाल बना हुआ है। सीहोर जिले के भैरूंदा स्थित लाड़कुई वन परिक्षेत्र में वन माफियाओं ने जंगल में करंट फैला दिया। इस करंट की चपेट में वनरक्षक आशीष श्रीवास्तव आ गए। वन विभाग के अमले ने अवैध वन माफियाओं के खिलाफ अभियान चला रखा है। इसी को लेकर कार्रवाई की जा रही है। गुरूवार को भी वन विभाग का अमला धरपकड़ के लिए जंगल में गया था, लेकिन तभी वहां एक वनरक्षक आशीष श्रीवास्तव को करंट लग गया। उसके बाद देखा तो जगह-जगह माफियाओं ने जंगल में करंट फैला रखा है।

करंट की चपेट में आए वनरक्षक आशीष श्रीवास्तव को वन विभाग का अमला तुरंत लाड़कुई स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचा और यहां पर इलाज कराया। यह घटना मध्यप्रदेश राज्य वन विकास निगम के लाड़कुई वन परिक्षेत्र के भिलाई कक्ष क्रमांक 452 की बताई जा रही है। यहां पर पिछले कई दिनों से वन विभाग को सूचनाएं मिल रही हैं कि यहां पर जमकर अवैध कटाई की जा रही है। इसके बाद से ही वन विभाग का अमला यहां पर सक्रिय है और माफियाओं की धरपकड़ की जा रही है।

#### लाठी के दम पर कैसे हो वनों की सुरक्षा ?

एक तरफ तो प्रशासन माफियाओं के खिलाफ अभियान को लेकर सक्रिय है, लेकिन विन विभाग का अमला वन माफिया के आगे नतमस्तक है। वन माफिया हथियारों से लैस होकर चलता है, लेकिन वनरक्षकों के पास सुरक्षा के नाम पर केवल एक डंडा होता है। ऐसे में वनों की सुरक्षा डंडों के भरोसे कैसे हो। यह सवाल भी इस समय बड़ा बना हुआ है।

### सीहोर जिला भाजपा की बैठक संपन्न, आगामी होने वाले कार्यक्रमों की बनी रूपरेखा





**सीहोर।** भारतीय जनता पार्टी जिला सीहोर की जिला कार्यकारिणी की विस्तारित बैठक जिला भाजपा अध्यक्ष रवि मालवीय की अध्यक्षता में जिला कार्यालय में सम्पन्न हुई। आयोजित जिला बैठक को सीहोर जिला भाजपा अध्यक्ष रवि मालवीय एवं पूर्व जिला अध्यक्ष सीताराम यादव ने संबोधित कर प्रदेश की बैठक में जो निर्णय हुए एवं जिले से लेकर बूथ स्तर तक के आगामी दिनों में जो कार्यक्रम करना है उसकी विस्तार से जानकारी दी गई। बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष रवि मालवीय ने बताया कि 10 से 15 जुलाई तक मंडल स्तर की बैठकें आयोजित की जाएंगी और 13 से 20 जुलाई के बीच शक्ति केंद्र की बैठक एवं सम्मेलन होंगे। 21 जुलाई को गुरु पूर्णिमा का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा और 26 जुलाई को कारगिल युद्ध के वीर सैनिकों का सम्मान किया जाएगा। 28 जुलाई को 'मन की बात' कार्यक्रम होगा और 23 जून से 4 अगस्त तक 'एक पेड़ मां के नाम' और महिला मोर्चा द्वारा कई अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व जिला अध्यक्ष सीताराम यादव ने आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा बताते हुए कार्यकर्ताओं को कहा कि सभी निर्धारित कार्यक्रमों को सफलतापूर्वक और समय पर पूरा करें। उन्होंने जोर देकर कहा कि इन कार्यक्रमों के माध्यम से पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाना आवश्यक है। विधानसभा और लोकसभा में पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यों की सराहना की और कार्यकर्ताओं को उनके प्रयासों के लिए बधाई दी। वक्ताओं ने कहा कि हम सभी कार्यकर्ताओं को विश्व की सबसे बड़ी पार्टी के सदस्य होने पर गर्व महसूस करने और सेवा भाव से काम करने की प्रेरणा दी। जिला मीडिया प्रभारी सुशील संचेती ने बताया कि इस आयोजित जिला बैठक में जिला अध्यक्ष रवि मालवीय,सीताराम यादव, जिला महामंत्री राजकुमार गुप्ता, धारासिंह पटेल, रवि नागले, प्रदेश कार्य समिति सदस्य भूपेंद्र सिसोदिया, दुर्गादास उईके, नगर पालिका सीहोर के अध्यक्ष प्रिंस राठौर जिला उपाध्यक्ष लखन यादव,जिला मंत्री प्रितेश राठौर आदि मंचासीन थे । जिला बैठक का संचालन जिला उपाध्यक्ष लखन यादव ने किया एवं अंत में आभार जिला महामंत्री धारा सिंह पटेल ने व्यक्त किया।

### आगामी 14 जुलाई से शुरू होगा आठ दिवसीय गुरु पूर्णिमा महोत्सव

# कलेक्टर-एसपी ने कुबेरेश्वर धाम की तैयारियों का लिया जायजा, बेहतर व्यवस्था के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिला मुख्यालय के ग्राम चितावलिया हेमा स्थित कुबेरेश्वर धाम में आगामी 21 जुलाई को गुरु पूर्णिमा के अवसर पर शिव महापुराण कथा आयोजन 14 जुलाई से एक सप्ताह तक किया जाएगा। आयोजन में श्रद्धालुओं के आगमन पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर प्रवीण सिंह एवं एसपी मयंक अवस्थी ने कुबेरेश्वर धाम में कथा स्थल, धर्मशाला तथा भोजनशाला का निरीक्षण किया। निरीक्षण के पश्चात विठलेश सेवा समिति कुबेरेश्वर धाम के सदस्यों तथा अधिकारियों के साथ बैठक कर बेहतर आयोजन के संबंध में चर्चा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

कलेक्टर सिंह ने आने वाले श्रद्धालुओं के लिए पर्याप्त बैठक व्यवस्था, पार्किंग, पेयजल व्यवस्था, शौचालय, नहाने और साफ-सफाई सहित कथा के



सफल आयोजन के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। एसपी मयंक अवस्थी ने पुलिस अधिकारी को निर्देश दिए कि कार्यक्रम स्थल पर पुलिस सहायता केंद्र की व्यवस्था की जाए एवं खोया पाया के लिए कैम्प बनाए जाए। उन्होंने सभी पुलिस अधिकारियों को यातायात व्यवस्था सुगम बनाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम तन्मय वर्मा, सिटी एसपी निरंजन सिंह राजपूत तथा विठ्लेश सेवा समिति के प्रबंधक समीर शुक्ला, पंडित विनय मिश्रा, मनोज दीक्षित सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

#### 14 से 20 जुलाई तक चलेगी शिव महापुराण कथा

प्रसिद्ध कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा 14 जुलाई से शिवमहापुरण कथा आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर देशभर से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। कथा श्रवण के लिए कथा स्थल पर तीन डोम लगाए जा रहे हैं। इसके साथ ही रात्री विश्राम के लिए ढाई लाख वर्ग फीट में धर्मशाला तथा एक डोम भोजनशाला के लिए लगाया जा रहा है। शिव महापुराण कथा 14 जुलाई से 20 जुलाई तक चलेगी तथा 21 जुलाई को गुरु पूर्णिमा दिवस के अवसर पर प्रातः सात बजे से दीक्षा समारोह प्रारंभ होगा।

## स्वास्थ्य परीक्षण: निःशुल्क जांच कर 350 मरीजों को दी दवाइयां

**सीहोर।** जिला मुख्यालय के समीपस्थ चितावलिया हेमा स्थित निर्माणाधीन मुरली मनोहर एवं कुबेरेश्वर महादेव मंदिर में गगन जन सेवा समिति और अटल अस्पताल के



संयुक्त तत्वाधान में गुरुवार को निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं जागरूकता शिविर लगाया गया। शिविर में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. पुष्पा कन्नौजिया और डॉ. गगन नामदेव के मार्गदर्शन में लगाए गए इस शिविर के दौरान जरनल फिजिशियन डॉ. श्रीमल मेवाड़ा, स्त्री रोग चिकित्सक डॉ. प्रीति ओशवाल, प्रगति परमार आदि ने जांच की। शिविर में मशीन द्वारा हड्डियों में कैल्शियम की कमी की जांच, खून में हीमोग्लोबिन की जांच, ब्लड प्रेशर एवं शुगर के करीब 350 मरीजों की निशुल्क जांच की गई। जांच के बाद मरीजों को निशुल्क दवाएं भी वितरित की गई।

धाम पर अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के निर्देशानुसार लंबे समय से यहां पर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए निशुल्क स्वास्थ्य की जांच के अलावा दवाई का वितरण किया जा रहा है। गुरुवार को शिविर का शुभारंभ पंडित श्री मिश्रा ने किया और यहां पर डॉक्टरों के अलावा सेवा में लगे अटल अस्पताल के मेडिकल स्टाफ का सम्मान किया। इस मौके पर अस्तपाल की ओर से सिस्टर शीला मेवाड़ा, श्याम विश्वकर्मा, मोनू, धर्मेन्द्र विश्वकर्मा और सतीश आदि शामिल थे।

## खबर संक्षेप

### रोजगार स्थापित करने 50 लाख तक का ऋण

**सीहोर।** जिले के जनजातीय वर्ग के हितग्राहियों को स्वयं का रोजगार स्थापित करने के लिये 1 से 5 लाख तक का ऋण सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। इस के लिए शासन द्वारा विभाग को भौतिक लक्ष्य दिया गया है। जनजातीय कार्य विभाग के जिला संयोजक ने जानकारी देते हुये बताया कि राज्य शासन द्वारा विभाग को भौतिक लक्ष्य प्राप्त हुआ है जिसके तहत भगवान बिरसा मुंडा स्वरोजगार योजना, टंट्या मामा आर्थिक कल्याण के तहत जनजातीय वर्ग के हितग्राहियों को स्वयं का रोजगार स्थापित करने विनिर्माण गतिविधियों के लिए 01 लाख से 50 लाख तक का ऋण सुविधा उपलब्ध कराई जायेगी। जिला संयोजक ने जानकारी दी की भागवान बिरसा मुण्डा स्वरोजगार योजना के अंतर्गत विनिर्माण गतिविधियों के लिए राशि रु.1 लाख से रु.50 लाख तक तथा सेवा, व्यवसाय गतिविधियों हेतु रु. 1 लाख से रु.25 लाख तक परियोजनाएं स्वीकृत किए जाने का प्रावधान है। परिवार की वार्षिक आय 12 लाख रुपये से अधिक नही होनी चाहिए। योजनान्तर्गत हितग्राहियों को बैंक द्वारा वितरित, शेष ऋण पर 5 प्रतिशत प्रति वर्ष की दर से ब्याज अनुदान तथा बैंक ऋण गारंटी शुल्क प्रचलित दर पर अधिकतम 7 वर्षो तक(मोरेटोरियम अवधि सहित) निगम द्वारा वहन किए जाने का प्रावधान है।

## एसडीओपी दीपक कपूर ने कहा पर्यावरण और जीवन का अटूट संबंध

# एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत लगाए पौधे, बचाने का संकल्प भी लिया

**थाना प्रभारी घनस्याम दांगी ने कहा कि पौधरोपण सबकी जिम्मेदारी है। हम सबको अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिए।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा



एसडीओपी दीपक कपूर मार्गदर्शन में थाना प्रभारी घनस्याम दांगी भैरूंदा थाना परिषद् में सीएम राइज स्कूल के छात्र छात्राओ के साथ अधिकारियों ने पौधरोपण किया।

इस अवसर पर एसडीएम मदन सिंह रघुवंशी,एसडीओ दीपक कपूर, थाना प्रभारी घनस्याम दांगी, पूजा राजपुत सहित पुलिस कर्मी एवं सीएम राइज स्कूल के छात्र छात्राओ ने पीपल, आंवला, नीम सहित अन्य छायादार फलदार पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर थाना प्रभारी घनस्याम दांगी ने कहा कि पौधरोपण सबकी जिम्मेदारी है। हम सबको अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिए। पर्यावरण स्वच्छ है तभी जीवन स्वस्थ्य है।पौधे जब बड़े होते हैं तो यह हमें फल, फूल व छाया सहित जीवन जीने के लिए आक्सीजन देते हैं। एसडीओपी दीपक कपूर ने छात्र-छात्राओ से संबाद कर कहा पर्यावरण और जीवन का अटूट संबंध है। पर्यावरण संरक्षण का दायित्व प्रत्येक व्यक्ति का है। हमारे पूर्वजों द्वारा लगाए गए वृक्षों का लाभ हमें मिल रहा है। हमारे आस-पास हरियाली दिख रही है। इस कर्तव्य को पूरा करने का दायित्व प्रत्येक व्यक्ति का है। पर्यावरण को बचाना सबकी जिम्मेदारी है।इस दौरान सभी पुलिस कर्मियों ने एक एक पौधे का अपने बच्चे की तरह संरक्षण करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर महिला थाना प्रभारी पूजा राजपूत के द्वारा छात्र छात्राए को जागरुकता रखने के संबध में थाना परिषद् मेंबने कंटोर रूम, थाने के अंदर बंद केदियों के रखने स्थान पर भ्रमण कराया, एफआईआर दर्ज करने महिला थाना संबंध में अन्य विषयों पर जागरूक कर विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई।

### जैन समाज महिला मंडल ने किया पौध रोपण




**सीहोर।** अखिल भारतीय महिला परिषद के आव्हान पर सीहोर शाखा के अंजना संभाग भक्ति महिला परिषद सीहोर जैन समाज की महिलाओ द्वारा पौधरोपण किया गया। पौधरोपण की श्रंखला में आम जामुन, पीपल, आवला आदि अनेक पेड़ लगाए गए। महिला मंडल अध्यक्ष विमला जैन कोषाध्यक्ष संगीता जैन सचिव अर्चना जैन अनीता जैन मीना जैन तिलका जैन, रोशनी जैन पूर्व अधयापिका पुष्पलता जैन भारती निलमणी जैन, शोभा जैन आदि परिषद की महिलाए प्रमुख रूप से उपस्थित थी।


## सामाजिक सुरक्षा पेंशन हितग्राहियों के ईकेवायसी सत्यापन 15 तक होंगे पूर्ण

**सीहोर।** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा पेंशन हितग्राहियों का समग्र पोर्टल पर सत्यापन एक सतत प्रक्रिया है। इसके तहत जिले में शेष हितग्राहियों का समग्र पोर्टल पर ईकेवायसी किया जा रहा है। ईकेवायसी में हितग्राहियों का पुनः सत्यापन जिले वार 15 जुलाई तक पूर्ण कर लिया जाएगा। आयुक्त, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण से प्राप्त जानकारी के अनुसार केन्द्र एवं राज्य सरकार की वृद्ध, विधवा, दिव्यांगजन सहित 6 प्रकार की पेंशन योजनाएँ संचालित की जाती हैं, जिनका ऑनलाइन क्रियान्वयन पेंशन पोर्टल के माध्यम से किया जाता है। भारत सरकार के निर्देशानुसार उक्त योजनाओं के हितग्राहियों का आधार ई-केवाईसी अप्रैल 2023 से निरंतर जारी है। इस प्रक्रिया के अंतर्गत लगभग 85 प्रतिशत हितग्राहियों का सत्यापन किया जा चुका है। शेष हितग्राहियों के लिये सत्यापन की प्रक्रिया जारी है।

## जिले के सभी विकासखंडों में रोजगार मेले का आयोजन आज से होगा

**सीहोर।** जिले के सभी जनपदों में रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें सिक्युरिटी एण्ड इन्टेलिजन्स सर्विसेज अनूपपुर द्वारा सुरक्षा जवान, सुरक्षा सुपरवाइजर, सुरक्षा अधिकारी के 350 पदों पर भर्ती की जायेगी। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि भैरूंदा जनपद पंचायत परिसर में 12 एवं 13 जुलाई को, इछावर जनपद पंचायत परिसर मैं 15 एवं 16 जुलाई को, आष्टा जनपद पंचायत परिसर में 17 एवं 18 जुलाई को, सीहोर जनपद पंचायत परिसर में 21 एवं 22 जुलाई को, बुधनी जपं परिसर में 23 एवं 24 जुलाई को प्रातः 10:30 बजे से दोपहर 2:30 बजे तक रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा।जिला रोजगार अधिकारी ने जानकारी दी कि रोजगार मेले में वह आवेदक जिनकी शैक्षणिक योग्यता 10 वी पास/फेल से स्नातक तक, आयु 19 वर्ष से 36 वर्ष तक, उचाई 167.5 से.मी. से 170 से.मी. तक, सीना 77 से 82 से.मी. एवं वजन 56 से 90 किलो ग्राम हो वह इसके लिए आवेदन कर सकते हैं। आवेदक को योग्यता अनुसार रूपये 14000 से 35000 तक वेतनमान दिया जावेगा। नियुक्ति होने पर आवेदक को स्थायी नौकरी, वार्षिक वेतन वृद्धि, पदोन्निति, बोनस, पेंशन, ग्रेच्युटी, प्रोविडेंट फंड, ई.एस.आई.सी. दुर्घटना बीमा, सेवा प्रावधान, लोन सुविधा, मैस व आवास सुविधाएँ प्रदान की जायेगी। भर्ती के समय आवेदक शैक्षणिक प्रमाण पत्र, आधार कार्ड छाया प्रति एवं दो फोटो के साथ अपना आवेदन जमा कर सकता है।

## किसान फसल पर खरपतवार नाशक का कर रहे छिड़काव



**सीहोर।** जनपद पंचायत के ग्राम जता खेड़ा में सोमवार की शाम को हल्की बारिश हुई बारिश होने के कारण खेत में खरपतवार नाशक डालने के लायक पर्याप्त नमी हो गई है। ग्राम जता खेड़ा के किसानों ने मंगलवार सुबह से अपने खेतों में खरपतवार नाशक डालना शुरू कर दी है। गांव के किसान विकास वर्मा, सुरेश वर्मा, प्रेम नारायण वर्मा, अनूप वर्मा, अनवर खान, रईस खान, जगदीश वर्मा, अशोक वर्मा, लखन वर्मा, मनोहर राठौड़ ने बताया कि ग्राम जता खेड़ा में सोयाबीन की बोनी के बाद हल्की बारिश हुई थी जो की फसल के लायक पर्याप्त रही, लेकिन इस समय हमारी सोयाबीन, मक्का, अरहर, मूंगफली, उड़द आदि फसल 20 दिनों की हो गई है, हमें खरपतवार नाशक डालना था, इस समय खेत की ऊपरी सतह की नमी सूख गई थी। उन्होंने बताया कि खरपतवार नाशक फसल में डालने के लिए खेत के अंदर पर्याप्त नमी होना अनिवार्य है, तभी दवा काम करती है, लेकिन सोमवार की शाम को ग्राम जता खेड़ा में हल्की बारिश हुई है खरपतवार नाशक डालने के लायक खेत में पर्याप्त नमी हो गई है सभी किसान अपने खेतों में खरपतवार नाशक व इल्ली की नाशक डाल रहे हैं।

## विश्व जनसंख्या दिवस पर नवदंपती सम्मेलन में नव विवाहित को दी गई नई पहल किट




**सीहोर।** गुरुवार को विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में नवदंपती सम्मेलन आयोजित कर नव विवाहित जोड़ों को नई पहल किट प्रदान की गई। परिवार कल्याण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली एएनएम आशा कार्यकर्ता तथा एमपीडब्ल्यू को इस अवसर पर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के जनसंख्या को राष्ट्रीय सूचकांक के अनुरूप नियंत्रित किए जाने को लेकर विस्तार से विचार जनसंख्या नियंत्रण संगोष्ठी में जिला परिवार कल्याण अधिकारी डॉ.मालती आर्य, जिला मीडिया एवं विस्तार अधिकारी डॉ.अनीषा आइजक, डीपीएम डॉ.दीपक डेहरिया, डीसीएम विंध्यवासिनी कुषवाहा,एपीएम हरिओम मेवाड़ा, डीईआईसी प्रबंधक दीनू शर्मा द्वारा विचार रखे गए। नव दंपत्ति सम्मेलन का

संचालन जिला मीडिया सलाहकार शैलेष कुमार द्वारा किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.सुधीर कुमार डेहरिया द्वारा जानकारी दी गई कि विश्व जनसंख्या दिवस के साथ ही जनसंख्या स्थिरता माह11 जुलाई से 11 अगस्त की शुरूआत हो गई है। सम्मेलन में परिवार कल्याण के लिए उत्कृष्ट कार्य करने वाली एएनएम ममता भादे, चंद्रकला कीर, प्रिती पांसे, अलका माली, निर्मला ओबेराय, पुष्पा मेवाड़ा, एन.एस.व्ही.टी के लिए एमपीडब्ल्यू धर्मेन्द्र कुमार जैन, विक्रम कुशवाह, मितेष सतवासरकर, स्थायी सेवाओं में उत्कृष्ट कार्य के लिए आषा कार्यकर्ता रतना बेदी, कृष्णा धुर्वे, अनिता चौहान, ममता वर्मा, संगीता उज्जेनिया, लता कौरवे को सम्मानित किया गया। नव दंपत्ति सम्मेलन में जिन नव विवाहित जोड़ों को नई पहल किट प्रदान की गई उनमें मंतषा पति फैजान, अर्चना/पंकज, नैना/सौरभ, सुमन/सिद्धार्थ, सपना/ललीत, माया/लोकेष, सानिया/फहदीन अली, तंजूम/मेहमूद, शमा/असद, उमा पति दीपक शामिल हैं। संबंधित नव दंपत्ति की प्रेरक आषा कार्यकर्ता एलम मेवाड़ा, रूचि राठौर, सरिता विष्वकर्मा, लता मालवीय तथा सरिता कुषवाहा को जिला स्तरीय समारोह में सम्मानित किया गया।

## एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पुलिस कर्मचारियों ने किया पौधरोपण




**सीहोर।** गुरुवार को सीहोर पुलिस ग्राउंड पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के अन्तर्गत पौधरोपण कार्यक्रम रखा गया जिसमें सीहोर पुलिस अधीक्षक श्री मयंक अवस्थी ने वृक्ष लगाकर वृक्षरोपण का संदेश दिया।

प्रदेश भर में पुलिस विभाग में एक पेड़ मां के नाम अभियान के अन्तर्गत लाखों की संख्या में वृक्ष लगाए जा रहे हैं। इसी तारतम्य में सीहोर पुलिस विभाग ने आज 2000 से अधिक पौधे सम्पूर्ण जिले के थानों में लगाए हैं। उक्त कार्यक्रम में सीएम राइज़ स्कूल एवं स्वामी विवेकानंद स्कूल के कुल 200 बच्चों ने हिस्सा लिया जिन्हे नगर पुलिस अधीक्षक निरंजन सिंह राजपूत ने पौधरोपण के सदुपयोग बताये। उक्त कार्यक्रम में पुलिस विभाग के कर्मचारियों ने अपनी माताओ के साथ पेड़ लगाये गये। उक्त कार्यक्रम में नगर पुलिस अधीक्षक निरंजन सिंह राजपूत, डीएसपी एलआर विजय अम्भोरे, कोतवाली थाना प्रभारी गिरीश दुबे, महिला थाना प्रभारी मोहम्मद अंसारुल हक खान, यातायात थाना प्रभारी सूबेदार बृजमोहन धाकड़ समेट समस्त पुलिस अधिकारियों ने पुलिस लाइन परिसर में पेड़ लगाये गये। एक पेड़ मां के नाम पौधरोपण कार्यक्रम के दौरान सूबेदार प्राची राजपूत (रक्षित केंद्र ), सूबेदार अजय भिड़े (रक्षित केंद्र), उप निरीक्षक राकेश पंथी (थाना मंडी), उप निरीक्षक राहुल श्रीवास्तव (रक्षित केंद्र), स्वामी विवेकानंद स्कूल के बच्चे , प्राचार्य डॉक्टर हेमलता राठौर , शिक्षक आरके शर्मा, पीके शर्मा , शिवराज सिंह पवार, धर्मपाल सिंह गौतम, स्क के मालाकार , आयुष श्रीवास्तव, ज्योति राठौड़ , अमित कसोतिया, शैलेंद्र सिसोदिया, शबनम भी, नसीम अख्तर, शर्मिला जैन,गुंजन शर्मा, सीएम राइज स्कूल के प्राचार्य दीप सिंह राठौर , शिक्षक संध्या मिश्रा एव सुगन रैकवार सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा ।

## राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता में सीहोर ने एक तरफा मुकाबले में जबलपुर को 5-1 से दी मात



**सीहोर।** महू में खेली जा रही मध्यप्रदेश फुटबॉल एसोसिएशन के तत्वाधान में राज्य स्तरीय अंडर-17 फुटबॉल प्रतियोगिता के पहले मैच में सीहोर टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए प्रदेश की दिग्गज टीमों में शामिल जबलपुर को एक तरफा मुकाबले में 5-1 से हराया। प्रतियोगिता में अगला मैच सीहोर को बुरहानपुर से है।

इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला फुटबॉल एसोसिएशन के सचिव मनोज कन्नोजिया ने बताया कि महू में खेली जाने वाली इस प्रतियोगिता के गत दिनों चर्च मैदान पर ट्रायल कैंप का आयोजन किया गया था, इसमें बीस खिलाडियों का चयन का कोच विपिन पवार और कप्तान हरित की बगडौर में रवाना किया गया है। टीम ने पहले ही मैच में जबलपुर के खिलाफ 5-1 से जीत हासिल की, इस मैच में सीहोर की ओर से रोहन ने 2, आकाश, कृष्णा और दिव्यांश ने 1-1 गोल किया।

## पं. मिश्रा ने आशीर्वाद व जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों ने स्वागत कर किया अमरनाथ यात्रियों को रवाना



**सीहोर।** बाबा बर्फानी भक्त मंडल के द्वारा हर वर्ष अमरनाथ के लिये जत्था रवाना किया जाता है और वहाँ भगवान भोले नाथ के पवित्र स्थल के दर्शन कर जनमानस के लिये सुखसमृद्धि की कामना की जाती है।

इसी कड़ी में गुरुवार को बाबा बर्फानी भक्त मण्डल के तत्वाधान में अमरनाथ यात्रा अध्यक्ष विजय यादव के नेतृत्व में बुधवार को अमरनाथ धाम के लिये सांय 4 बजे स्थानीय रेल्वे स्टेशन से 130 धर्मावलम्बी युवाओं का जत्था रवाना हुआ। इस धर्ममय मौके पर विश्व विख्यात कथा वाचक पं.प्रदीप मिश्रा ने सभी अमरनाथ यात्रियों को आशीर्वाद प्रदान किया एवं वरिष्ठ समाजसेवी अखलेश राय, विधायक सुदेश राय, नगर पालिका अध्यक्ष विकास प्रिंस राठौर, हिंदु उत्सव समिति अध्यक्ष आशीष गुप्ता, समाजसेवी सतीश राठौर, नगर मंडल अध्यक्ष सुदीप प्रजापति एवं नगर के गणमान्य नागरिकों ने अमरनाथ यात्रा अध्यक्ष विजय यादव सहित सभी यात्रियों को पुष्प गुच्छ भेट कर मंगलमय यात्रा की भगवान भोलेनाथ से कामना की ।

## बद्रीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री यमुनोत्री के लिए जत्था रवाना



**सीहोर।** मंगलवार सुबह प्रेम नगर कॉलोनी मंडी सीहोर से बद्रीनाथ केदारनाथ गंगोत्री यमुनोत्री के लिए 20 से 25 लोगों का जत्था रावण हुआ। जिसमें सुनील राठौर, अनीता राठौर, अर्जुन राठौर, सरिता राठौर, प्रकाश राठौर, शांति राठौर, मितेश राठौर, नितेश राठौर, विनोद राठौर, सपना राठौर शामिल हैं।

### सुबह और शाम को कर रहे दुर्गा चालीसा और दुर्गा सप्तशती का पाठ

# मरीह माता मंदिर में किया कन्याओं का पूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर




इस साल भी शहर के विश्रामघाट के समीपस्थ मरीह माता मंदिर पर आषाढ गुप्त नवरात्रि के पावन अवसर पर दिव्य अनुष्ठान और विशेष हवन पूजन का आयोजन किया जा रहा है। यहां पर सुबह और शाम को आरती की जाती है। इसके अलावा प्रतिदिन मां का विशेष श्रृंगार किया जाता है। नवरात्रि के पांचवें दिन मंदिर के व्यवस्थापक गोविन्द मेवाड़ा, रोहित मेवाड़ा, पंडित उमेश दुबे, ज्योतिषाचार्य पंडित गणेश शर्मा, जिला संस्कार मंच के संयोजक जितेन्द्र तिवारी, मनोज दीक्षित मामा सहित अन्य श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना की। मंदिर में सुबह और शाम को दुर्गा चालीसा और दुगा सप्तशती का पाठ किया जाता है। बुधवार की शाम को यहां पर नौ कन्याओं का पूजन आदि किया गया। इस मौके पर ज्योतिषाचार्य पंडित श्री शर्मा ने कहा कि मां स्कंदमाता की विधिपूर्वक पूजा-उपसाना की जाती है। धार्मिक मत है कि मां स्कंदमाता की पूजा करने से साधक को मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है। मां दुर्गा का पंचम रूप स्कंदमाता के रूप में जाना जाता है। भगवान स्कंद कुमार कार्तिकेय की माता होने के कारण दुर्गा जी के इस पांचवें स्वरूप को स्कंद माता नाम प्राप्त हुआ है। भगवान स्कंद जी बालरूप में माता की गोद में बैठे होते हैं इस दिन साधक का मन विशुद्ध चक्र में अवस्थित होता है। स्कंद मातृ स्वरूपिणी देवी की चार भुजाएं हैं, ये दाहिनी ऊपरी भुजा में भगवान स्कंद को गोद में पकड़े हैं और दाहिनी निचली भुजा जो ऊपर को उठी है, उसमें कमल पकड़ा हुआ है। मां का वर्ण पूर्णतः शुभ्र है और कमल के पुष्प पर विराजित रहती हैं। इसी से इन्हें पद्मासना की देवी और विद्यावाहिनी दुर्गा देवी भी कहा जाता है। पौराणिक कथा के अनुसार, तारकासुर नाम का एक राक्षस था, जिसका आतंक बहुत बढ़ गया था। लेकिन तारकासुर का अंत कोई नहीं कर सकता था क्योंकि भगवान शिव के पुत्र कार्तिकेय के हाथों की उसका अंत संभव था। ऐसे में मां पार्वती ने अपने पुत्र स्कंद यानी कार्तिकेय को युद्ध के लिए प्रशिक्षित करने के लिए स्कंदमाता का रूप धारण किया। स्कंदमाता से युद्ध का प्रशिक्षण लेने के बाद कार्तिकेय ने तारकासुर का अंत किया।

## स्थापना दिवस पर कॉलेज में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने किया उत्कृष्ट 200 छात्र-छात्राओं का सम्मान



**सीहोर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने अपने स्थापना दिवस को लेकर प्रधानमंत्री उत्कृष्ट चंद्रशेखर आजाद महाविद्यालय सभागार में उत्कृष्ट विद्यार्थी सम्मान समारोह आयोजित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की राष्ट्रीय मंत्री शालिनी वर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित किया।

कार्यक्रम में कथा वाचक मोहितराम पाठक,जन भागीदारी अध्यक्ष सुदीप प्रजापति, राजगढ़ विभाग संयोजक हर्षित मेवाड़ा, जिला संयोजक शैलेंद्र सिसोदिया, शुभम व्यास, की विशेष उपस्थिति में 10वीं और 12वीं के 200 विद्यार्थियों को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने शील्ड प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। अतिथियों का पुष्प मालाएं पहनाकर नगर मंत्री विशाल यादव के द्वारा स्वागत किया गया। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की राष्ट्रीय मंत्री शालिनी वर्मा ने कहा कि आज विद्यार्थी परिषद को पूरे 76 वर्ष हो चुके हैं 9 जुलाई 1949 से लेकर आज तक शिक्षा के क्षेत्र में या किसी भी क्षेत्र में कोई समस्या आई हो तो उन समस्याओं को परिषद ने सबसे पहले उठाया है और समाधान तक विद्यार्थी परिषद लेकर गया है। नगर मंत्री विशाल यादव ने स्वागत भाषण में कहा कि पश्चिम बंगाल के संदेश खाली में महिलाओं पर उत्पीडन करने वाली ममता सरकार में मंत्री रहे शाहजहां शेख के खिलाफ राष्ट्रीय मंत्री शालिनी वर्मा के नेतृत्व में विद्यार्थी परिषद ने आंदोलन किया था उस आंदोलन के बाद शाहजहां शेख के खिलाफ सीबीआई जांच हुई थी और शाहजहां शेख को जेल के अंदर जाना पड़ा था ऐसे देशहित और महिलाओं के सम्मान के लिए आंदोलन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद करती रहती है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता छात्र छात्राएं शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

हरिभूमि ने सालभर पहले भी जगाने की थी कोशिश, पर अधिकारियों को नहीं मिला अभी तक समय


# सालभर में भी नहीं जागे ब्लड बैंक के जिम्मेदार

# 15 महीनों से ब्लड बैंक लाइसेंस है एक्सपायर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

राजगढ़ जिला अस्पताल और ब्लड बैंक के जिम्मेदारों का खून के खेल से काफी पुराना रिश्ता रहा है। वर्षों से जिन जिम्मेदारों के हाथों में ब्लड बैंक की कमान है वहीं उसकी दुर्दशा के जिम्मेदार हैं।

जिले भर में लगातार कैंप लगाकर ब्लड इकट्ठा करने वाले जिम्मेदार पहले भी दूसरे राज्यों में खून तक बिना अनुमति के दे दिया करते थे। तत्कालीन सीएमएचओ डॉ दीपक पिप्पल के सख्त रूख के कारण दूसरे राज्यों में बिना अनुमति खून जाने पर रोक लगाई गई थी। परंतु अभी भी हालात बदले नहीं हैं, बस इतना फर्क पड़ा है कि अब सब कुछ खुलेआम नहीं हो पा रहा। अब इसके दूसरे रास्ते बना लिए गए हैं। लगता है इन्हीं उलझनों में उलझे रहने के कारण ब्लड बैंक के जिम्मेदार डॉक्टर एक साल बाद भी रजिस्टेशन रिन्यू नहीं करवा पाए हैं। उल्लेखनीय है कि हरिभूमि ने 22 मई 2023 को भी इसी मामले को प्रमुखता से प्रकाशित किया था। तब भी जिम्मेदारों ने





निजी हॉस्पिटल की कमियों पर तुरंत एक्शन, सरकारी पर क्यों नहीं?

दिया तले ही अंधेरा, सरकारी ब्लड बैंक का लाइसेंस महीने भर से एक्सपायर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

क्यों नहीं किया समय से पहले जिम्मेदारों ने एप्लाई

क्या निजी हॉस्पिटल को भी दिया जा सकता है इतना समय?

6 माह में बनेगा लाइसेंस

डॉ. पीके जैन, ब्लड बैंक अधिकारी, राजगढ़

इसी तरह लापरवाही पूर्ण जबाव देकर अपना पल्ला झाड़ लिया था।

### दो जिम्मेदार फिर भी कमियां बरकरार

जिला अस्पताल में स्थित ब्लड बैंक जिसके जिम्मेदार एमडी डॉ पीके जैन और डॉ धर्मेन्द्र भदौरिया हैं। इनको पता ही नहीं चला की ब्लड बैंक का लायसेंस 15 अप्रैल 2023 को ही एक्सपायर हो चुका है और आज एक साल से ज्यादा हो चुका है परंतु लायसेंस रिन्यू नहीं हो पाया है। आज भी उसी पुराने नंबर को डालकर ब्लड क्रॉस चेकिंग रिपोर्ट बनाई जा रही है।

देखने वाली बात तो यह है कि एक तरफ तो सीएमएचओ और सिविल सर्जन निजी अस्पतालों में कमियां होने पर कार्रवाई कर उनका लायसेंस रद्द करने तक की बात करते हैं। वहीं विभाग के जिम्मेदारों की इस लापरवाही पर क्या एक्शन लिया जाएगा यह तो समय ही बताएगा।

### क्या निजी हॉस्पिटल को भी दिया जा सकता है इतना समय ?

यदि सरकारी काम में इस तरह की लापरवाही को ही नियम मान लिया जाएगा तो फिर निजी हॉस्पिटल भी यदि किसी लायसेंस के लिए एप्लाय कर दें तो फिर उन्हें भी लायसेंस प्राप्त करने के लिए 6 महीने तक की छूट देना चाहिए। नियम का पालन तो सभी के लिए बराबर होना चाहिए और दोषियों पर भी कार्रवाई बराबरी से ही होना चाहिए। फिर चाहे वह निजी हो या फिर सरकारी अधिकारी।

### हमने आवेदन कर दिया है...

हमने आवेदन कर दिया है। दिल्ली से टीम आएगी, फिर इसके बाद लायसेंस का रिन्यूअल होगा। अभी प्रोसेस में है।

**डॉ पीके जैन,** ब्लड बैंक अधिकारी राजगढ़

### क्यों नहीं किया समय से पहले जिम्मेदारों ने एप्लाय

*ऐसा कैसे हो सकता है कि ब्लड बैंक के अधिकारी को ही नहीं पता हो कि ब्लड बैंक का लायसेंस कब एक्सपायर हो रहा है और उसके लिए समय पर एप्लाय किया जाए, जिससे नया लायसेंस पुराना खत्म होने के पहले ही विभाग को प्राप्त हो जाए। परंतु डॉ भदौरिया का फोन न उठाना और डॉ जैन की बातों से यह स्पष्ट हो गया कि लायसेंस का रिन्यू होना कोई बड़ी बात नहीं है।*

## सौंधिया जाति पर अपमानजनक भाषा के विरोध में उतरे समाजजन

कलेक्टोरेट पहुंचकर सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन




हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

नीमच जिले के जावद थानाक्षेत्र में दर्ज एक एफआईआर में समूची सौंधिया समाज के प्रति लिखी गई बेहद अपमानजनक भाषा पर समाजजनों में तीखा आक्रोश व्याप्त है। इसी को लेकर समाज के अनेकों लोगों ने बुधवार दोपहर कलेक्टोरेट पहुंचकर उक्त रिपोर्ट लिखने वाले पुलिसकर्मियों पर निलंबन एवं दंडात्मक कार्रवाई की मांग रखी गई है। अखिल भारतीय सौंधिया राजपूत महासभा के बैनर तले कलेक्टोरेट पहुंचे समाज के पदाधिकारियों ने बताया कि उक्त रिपोर्ट में लिखा गया है कि आरोपी सौंधिया जाति के सदस्य हैंजो कि नीमच मंदसौर चित्तोड़ में मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले कुख्यात जाति के हैं। थाने के पुलिसकर्मियों टीआई जीतेंद्र वर्मा, रामपाल सिंह, रघुनाथ सिंह, धमेंद्र की मिलीभगत से उक्त रिपोर्ट में सौंधिया जाति पर अपमानजनक बातें लिखी गई हैं जिससे पूरी समाज में रोष व्याप्त है। सौंधिया समाज का इतिहास शुरू से गौरवशाली रहा है जिसे यह रिपोर्ट ने धूमिल करने का प्रयास किया है। ऐसे में दोषियों पर तत्काल नियमानुसार कार्रवाई की जाए।

कबाड़ की दुकान पर बिक रहा चोरी का सामान

## गौशाला में फिर हुई चोरी, सारंगपुर क्षेत्र में चोरी का सिलसिला जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

नगर सहित आसपास के क्षेत्रों में पानी की मोटर, ऑटो रिक्शा, ट्रैक्टर की बैट्री चोरी सहित मंदिर के घंटाल एवं पाइप, भैंस आदि की चोरी की घटना आए दिन सुनाई देती रहती हैं। आवेदक चोरी की रिपोर्ट लिखाने थाने आते हैं तब कहीं पता चलता है कि चोर सक्रिय हैं। नगर में सुनसान पड़े मकान या शासकीय भवनों में लगे कीमती खिड़की दरबाजे लोहे का सामान के साथ जनरेटर आदि की चोरी भी खूब हो रही हैं।

### कबाड़ की दुकान से जब्त किया चोरी का सामान

नगर सहित आसपास के क्षेत्र में हो रही चोरियों का सामान कबाड़े की दुकान पर खुलेआम बेचा जा रहा है। हाल ही में समीप ग्राम भूराखेड़ी में हुई चोरी का सामान भी एक कबाड़ की दुकान से पुलिस द्वारा जप्त किया गया इतना ही नही सारंगपुर में बड़ी बड़ी दुकानें कबाड़ खरीदने की चल रही हैं उन दुकानों का भौतिक निरीक्षण किया जाए तो कई बेस कीमती सामान कबाड़े में मशीनों पर कटते देखा जा सकता है। सारंगपुर में आए दिन हो रही चोरी का मुख्य कारण किसी को पता नही है सूत्रों की माने तो नगर में बड़े पैमाने पर अवैध मादक पदार्थ का सेवन करने वाले ही चोरी की घटना को अंजाम दे रहे हैं और कबाड़ की दुकान पर चोरी का सामान नाम मात्र भाव में बेच रहें।

### गौशाला में हुई चोरी

सारंगपुर की कपिलेश्वर गौशाला में 8 जून को भूसा भरने की तथा 10 हास पावर की मोटर एवं ट्रैक्टर में लगी बैट्री कोई अज्ञात चोर चुरा ले गए जिसकी रिपोर्ट गौ शाला समिति के ओमप्रकाश राठी द्वारा पुलिस थाने में की गई हैं इसके पूर्व भी गौशाला से गाय चोरी होने की सूचना पुलिस को दी गई थी इतना ही नही कपिलेश्वर गेट पर लगी घंटाल आदि भी चोर चुरा ले गए हैं देखना यह है कि पुलिस चोरी का का पता कब तक लगाती है।

एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत

## तहसील परिसर में किया पौधारोपण

त्हसीलदार सहित पटवारी एवं स्टॉफ ने रोपे पौधे, दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ खुजनेर

तहसील खुजनेर में अनुविभागीय अधिकारी राजगढ़ की अध्यक्षकता में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत तहसील परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमे तहसीलदार खुजनेर नित्यानंद पांडे पटवारीगण एवं तहसील स्टाफ के साथ शासकीय मॉडल स्कूल के छात्र एवं छात्रा द्वारा भी इस अभियान में भाग लिया। साथ ही अनुविभागीय अधिकारी ने सभी बच्चों को अभियान के बारे में बताया। बच्चो को पेड़ लगाने के लिए प्रेरित किया सभी बच्चे अपने खेत, घर, स्कूल जहा भी जगह हो पौधा रोपण करें व पौधे को बड़ा करने का संकल्प ले साथ ही अपने माता पिता परिवार जन को इस अभियान में पेड़ लगाने के लिए प्रेरित करें। इस अभियान के अंतर्गत तहसील परिसर खुजनेर में अभी तक 300 नीम व पीपल के पेड़ लगाए गए।

## राज्यसभा सांसद दिग्विजयसिंह मृतक के परिजनों के बीच पहुंचे, अधिकारियों की लापरवाही का लगाया आरोप

24 घंटे बाद भी नहीं हुई एफआईआर, मर्ग कायम जांच में मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

डूब क्षेत्र में तीन मंजिला मकान तानने और घटना हो जाने के 24 घंटे बाद भी किसी पर एफआईआर दर्ज नहीं की गई हैं। फिलहाल मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया गया है। जबकि कूंता-राजू सौंधिया जामोन्याघाटा मकान बना रहा था और निर्माण ठेकेदार घनश्याम शर्मा खांकरा संबला था। निर्माणाधीन भवन धराशायी होने से एक की मौत हो गई, किंतु बड़ा हादसा भी हो सकता था, क्योंकि यहां पर 19 मजदूर कार्य कर रहे थे, जिन्होंने कूदकर अपनी जान बचाई।

प्रशासनिक अधिकारियों की निगाह में पहले यह भवन क्यों नहीं आया ? ऐसे कई सवाल हैं, जो चर्चा का विषय बने हुए हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सारी सच्चाई जांच के बाद सामने आ जाएगी। नगर के शिवधाम कॉलोनी के बाहर अजनार नदी के किनारे बन रहे एक तीन मंजिला निर्माणाधीन मकान के धराशायी होने से उसमें दबे एक मजदूर की मौत हो गई, जबकि पांच मजदूर घायल हो गए। 19 मजूदर यहां पर छत डालने का कार्य कर रहे थे। हालांकि 24 घण्टे के बाद भी अभी किसी के खिलाफ



एफआईआर दर्ज नहीं हुई हैं।

देहात थाना प्रभारी गोविंदसिंह मीणा ने बताया कि मामले की जांच जारी है। सारी स्थिति जांच के बाद ही साफा हो पाएगी। मर्ग कायम कर लिया है। एक की मौत हुई है, पांच लोग घायल हैं। घटना में घायल हुए मजूदरों को देखने बुधवार राज्यसभा सांसद दिग्विजयसिंह अस्पताल पहुंचे। ज्ञातव्य है कि मृतक तूफानसिंह यादव मजदूरी कर मां-बाप का पेट पालन करता था, उसके तीन भाई हैं, जो इंदौर रहते हैं। चारों भाईयों के बीच एक बीघा जमीन हैं। वहीं मृतक भूरा उर्फ तूफानसिंह यादव सिंदूरिया के परिजनों के बीच पहुंचकर सिंह ने ढांढस बंधाया और हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। इस घटना पर बोलते हुए सिंह ने प्रशासनिक अधिकारियों की लापरवाहीं एवं भ्रष्टाचार को आरोप लगाया हैं। इस दौरान पूर्व मंत्री प्रियवृतसिंह खीची, कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रकाश पुरोहित, पूर्व विधायक रामचंद्र दांगी, पुरूषोत्तम दांगी, जिला पंचायत अध्यक्ष चंदरसिंह सौंधिया, हेमराज कल्पोनी, राजू कीलखेड़ा, विश्वनाथ दांगी, अर्पित शर्मा आदि अन्य कांग्रेसजन मौजूद थे। घटना के बाद दूसरे दिन घटना स्थल पर सांसद रोड़मल नागर भी पहुंचे। वहीं अस्पताल पहुंचकर घायलों से मिले और डाक्टरों को उचित उपचार की बात कही, तो प्रशासनिक अधिकारियों को भी दिशा निर्देश दिए। घायलों एवं मृतक के परिजनों की सहायता करने की बात भी सांसद द्वारा की गई हैं। सांसद के साथ भाजपा नेता एवं कार्यकर्ता सहित प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद थे।

## अभाविप के 76वें स्थापना दिवस पर कॉलेज में आयोजित हुआ कार्यक्रम



**ब्यावरा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के 76वें स्थापना दिवस एवं राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस के उपलक्ष में राजगढ़ जिले के ब्यावरा इकाई द्वारा नगर के नेताजी सुभाषचंद्र बोस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में विद्यार्थियों के बीच कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से महाविद्यालय के जन भागीदारी अध्यक्ष हरिप्रसाद दांगी, परिषद की मुख्य वक्ता के रूप में अभाविप की प्रांत सह मंत्री मुस्कान सेन एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में राजगढ़ जिले के संगठन मंत्री अमित मेहर उपस्थित रहे। हरिप्रसाद ने अपने वक्तव्य में कहा की विद्यार्थी परिषद यह परिसरों में निरंतर काम करने वाला संगठन है जो विद्यार्थियों के छात्र हित के लिए कार्य करता है अतः प्रत्येक विद्यार्थी को विद्यार्थी परिषद का हिस्सा बनने की आवश्यकता है। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता मुस्कान ने अपने भाषण में बताया कि जहां अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद अपने गौरवशाली संघर्षपूर्ण 76 वर्षों को पूरा कर राष्ट्रवाद की मशाल लिए युवाओं के बीच आगे बढ़ रही है।

## मछली मार्केट पहुंची विभाग की टीम, ढेरों मछलियां जब्त



**राजगढ़।** 15 जून से 15 अगस्त तक की दो माही अवधि विभिन्न प्रकार की मछलियों का प्रजननकाल रहता है। ऐसे में मछलियों की संख्या बढ़ाने उक्त अवधि को क्लोज सीजन के रूप में चिन्हित किया गया है। इस दौरान मछलियों को मारने, बेचने एवं उनके परिवहन पर मत्स्य विभाग ने प्रतिबंध लगाया हुआ है। इसके बाद भी मुख्यालय के मछली मार्केट में कल हाट-बाजार के दौरान अनेकों दुकानदारों द्वारा खुलेआम मछलियों को बेचा जा रहा था। ऐसे में मत्स्य विभाग की टीम ने अचानक छापा करते हुए दुकानदारों पर कार्रवाई की। इसके साथ ही कई किलो मछली भी जब्ती में ली गई।

## सारंगपुर में आयोजित हुआ जिला स्तरीय तब्लीगी इज्तिमा



**सारंगपुर।** भाईचारे की हवाएं चला दे ऐ अल्लाह इस शहर, सूबे, मुल्क को कामयाबी, तरक्की की बुलंदियों से मालामाल कर दे। ऐ अल्लाह दुनिया के हर इंसान को सच्चाई, ईमानदारी और हक पर चलने की आसानी फरमा दे। उक्त बात सारंगपुर शाही जामा मस्जिद में आयोजित एक दिवसीय जिला स्तरीय इज्तिमा के समापन पर सामूहिक दुआ में कही गईं। अपने गुनाहों की माफी, पूरे मुल्क में अमन-चैन और समाज की खुशहाली की दुआ के साथ सारंगपुर शाही जामा मस्जिद में मंगलवार को समापन हुआ। दुआ-ए-खास में शामिल हर इंसान की आंखें छलक गई और लोगों ने रो-रो कर दुआएं मांगी। इंसानियत की सुख शांति की दुआ में सैकड़ो लोगों की ऐतिहासिक भीड शामिल हुई। इस दौरान भोपाल से आए मौलाना हाफिज इकबाल, मोलाना आरिफ भोपाल,अब्दुल हाफिज भोपाल तथा मौलाना सलमान भोपाल एवं शाही जामा मस्जिद इमाम सारंगपुर कारी अब्दुल रशीद शामिल हुए। दीन-दुखियों पर दया करने का अल्लाह ने हुक्म दिया है। मौलाना इकबाल ने तकरीर के बाद दुआ करवाई। जिसमें पूरे कायनात में अमन-चैन, भाईचारा और खुशहाली के लिए दुआ की गई। इस के पूर्व मौलाना सलमान ने कहा कि तब्लीग का काम हमारे आखिरी पैगंबर हजरत मोहम्मद सल्ल के पसंदीदा कामों में से एक है। उन्होंने दीन की खातिर बेहद तकलीफ और परेशानियां उठाईं हैं। उन्होंने कहा कि आज इंसान ने अपनी जरूरत को दुनिया के आसपास सीमित कर लिया है। जबकि अपनी असल जिंदगी आखिरत के लिए तैयारी करने की उसे फिक्र नहीं है।

बारिश के मौसम में बस्तियों में पहुंच रहे

## न्यायाधीश के शासकीय निवास से पकड़ा जहरीला गोहरा



**राजगढ़।** बारिश का मौसम आते ही सांप, गोहरा सहित अन्य जहरीले जन्तु अपने इंसानी बस्तियों में पहुंचना शुरू हो गए हैं। बुधवार को पीटी कंपनी स्थित न्यायाधीश के शासकीय आवास में एक जहरीला गोहरा दाखिल हो गया। यहीं समीप ही अपर कलेक्टर का निवास भी है जहां दो-तीन दिनों से यह मंडरा रहा था। इस कारण समीप की कॉलोनी के लोग भी दहशतजदा थे। शहर निवासी स्नैक कैचर गोलू मेवाड़े को बुलाने पर उन्होंने गोहरे को असानी से पकड़ लिया। बाद में उसे जंगल जाकर छोड़ा। इसी तरह कुंडीबे ग्राम निवासी एक ग्रामीण के घर में भी बुधवार को एक जहरीला सर्प दाखिल हो गया। गोलू मेवाड़े ने ही उस सर्व को भी पकड़ते हुए उसे उसके प्राकृतिक निवास जंगल में जाकर छोड़ दिया। कहना न होगा कि ये जहरीले जंतु जमीनों में अपने बिल, पोखरों में छिपे रहते हैं और बारिश के मौसम में बाहर निकलते हैं, ऐसे में सभी को सावधानियां बरतने की आवश्यकता है।

## छाबड़ा आईआईएम में चयनित




**सारगंपुर।** सारंगपुर निवासी अरवराज अशवेन्द्र सिंह छाबड़ा कैट की परीक्षा सामान्य वर्ग से पास करके आईआईएम (इण्डियन इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट) सिरमौर में चयनित हुए। उनके चयन पर समस्त परिवारजन, मित्रगणों ने बधाई दी। बधाई देने वालों में पिता अशवेन्द्र छाबड़ा, माता लवल छाबड़ा, भाई ऋषिराज छाबड़ा, दादी इन्द्रजीत छाबड़ा, चाचा राजु छाबड़ा, मामा सुरेंद्र सिंह, जसविंदर सिंह, मामी मोना सिंह, अमृत कौर, मासी त्रिवेंद्र कौर एवं ऋषि बाइक्स के समस्त स्टाफ आदि बधाईया एवं शुभकामनाएं प्रेक्षित की एवं उज्जवल भविष्य की कामना की।

डेढ़ लाख कीमती 8 मोबाइल, 9 लाख का तूफान वाहन भी किया जब्त

## चोरी के 16 मोटर पंपों के साथ 3 गिरफ्तार, कई चोरियां कबूली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

चोरी जैसे अपराधों पर अंकुश लगाने चल रही कार्रवाईयों की कड़ी में खिलचीपुर पुलिस ने अंतराज्जीय चोर गिरोह के सदस्यों को पकड़कर उनके कब्जे से करीब 15 लाख रुपए का माल बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा ने बुधवार दोपहर पुलिस कन्ट्रोल रूम में एक प्रेसवार्ता आयोजित कर पूरे मामले पर विस्तार से प्रकाश डाला।

खिलचीपुर के कालाजी बड़ली क्षेत्र में जून माह में भगवान सौंधिया के घर में चोरी हुई थी। उक्त चोरी को लेकर गठित टीम ने एक आरोपी विकास भील निवासी उन्दरी का पुरा थाना चांचोड़ा जिला गुना को हिरासत में लेकर उससे काफी पूछताछ की जिसमें उसने कई चौकाने वाले खुलासे किए। आरोपी विकास भील के बताए अनुसार विक्की उर्फ गोलू भील एवं उसके साथी प्रदीप उर्फ बग्का, ज्ञानसिंह उर्फ ज्ञान एवं रिंका के साथ वारदात को कारित करना कबूला। बाद में विक्की को



पकड़कर उसकी निशानदेही पर गोलू को हिरासत में लीया गया। आरोपियों ने बताया कि चोरी के बाद वे साथियों के साथ तूफान वाहन से फरार हो जाते थे और माल को आपस में बांट लिया करते थे।

### एक चोरी से लगे अन्य चोरियों के सुराग

आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद पुलिस की पूछताछ में उन्होंने अन्य वारदातों को कारित करना कबूला है। आरोपी विक्की उर्फ गोलू ने बताया कि उसने और साथियों प्रदीप, ज्ञानसिंह, रिंका, विकास ने मिलकर जनवरी महीने में खिलचीपुर के आगे एक गांव की पुलिया के पास नाले से 01 मोटर पंप चुराया था। वहीं गत वर्ष दिसंबर माह में मूंडला डैम के पास से एक मोटर चोरी की थी। इसी तरह जून में ब्यावरा के पास बरखेड़ी गांव के खेतों से दो मोटर पंप, मोहनपुरा गांव के खेत से 2 मोटर पंप, चमानी गांव के खेतों से 2 मोटर पंप, मई-जून में ब्यावरा के भगवतिपुर एवं बोरदा गांव से पांच मोटर पंप उन्होंने चुराए थे। वहीं इसी गैंग ने छापीहेड़ा के पास कांकरिया गांव के खेत से एक विद्युत मोटर चुराई थी। इसके साथ ही कईं घरों से मोबाइल इनके द्वारा चुराए गए।

### 3 आरोपी गिरफ्तार, 2 फरार

एसपी मिश्रा ने बताया की तीन आरोपियों विकास भील निवासी नेसकला, विक्की उर्फ गोलू निवासी फतेहपुर, प्रदीप उर्फ बग्या निवासी कोन्या को पकड़ा जा चुका है, वहीं दो अन्य ज्ञानसिंह उर्फ ज्ञान निवासी नेसकला एंव रिंका भील की सरगर्मी से तलाश की जा रही है। कार्रवाई में खिलचीपुर एसडीओपी आनंद राय, टीआई रघुवीर सिंह धाकड़, प्रवीण जाट, सुनील मिश्रा, समंदर सिंह, पुरुषोत्तम, कमल, दुष्यंत, अरशद सहित कोतवाली पुलिस की टीम, ब्यावरा देहात थाने की पुलिस टीम की अहम भूमिका रही। वहीं सायबर सेल प्रभारी जीतेंद्र अजनारे, मलावर टीआई राहुल रघुवंषी सहित अन्य का विशेष योगदान रहा।

## खबर संक्षेप

### हमारा जन्म हुआ है तो मृत्यु भी अटलः मेवाड़ा

**आष्टा।** नगर के पुरानी सब्जी मंडी स्थित श्रीचित्रगुप्त मंदिर में तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का समापन किया गया। पूर्ण विधि विधान से यज्ञाचार्य द्वारा मन्त्रोचार के साथ मुख्य यजमान सीएमओ राजेश सक्सेना की उपस्थिति में अन्य यजमानों द्वारा पूर्ण आहुति यज्ञ देवता को अर्पित की गई। तत्पश्चात नवप्राण प्रतिष्ठित भगवान श्रीचित्रगुप्त की मूर्ति की उपस्थितजनों द्वारा सामूहिक आरती उतारी गई। बता दें कि विगत माह हुई कायस्थ समाज की बैठक में सीएमओ राजेश सक्सेना ने संकल्प लिया था कि भगवान की बड़ी प्रतिमा विराजित करना है। उसी संकल्प को सिद्ध करते हुए यह प्राण प्रतिष्ठा समारोह उत्साह के साथ किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने कहा कि मनुष्य का जन्म होता है, तो मृत्यु भी अटल है। व्यक्ति के संसार में आने और जाने के बीच सबसे महत्वपूर्ण है, सदमार्ग की ओर जाना। जन्म और मृत्यु के बीच की जो यात्रा है, उसमें पुण्य कर्मों के साथ ही अन्य कर्मों और जाने, अनजाने में हुई त्रुटियों के साक्षी भगवान चित्रगुप्त जी होते हैं। प्राण प्रतिष्ठा समारोह के समापन के पश्चात दिगंबर जैन धर्मशाला में मंदिर समिति द्वारा भंडारा भी आयोजित किया गया।

### कल से सफाई कर्मचारी रहेंगे हड़ताल पर

**आष्टा।** नगर पालिका के सफाई कर्मचारी अपनी विभिन्न मांगों को लेकर 13 जुलाई से हड़ताल करेंगे। इस दौरान सफाई व्यवस्था बंद रहेगी। इसकी सूचना गुरुवार को सफाई कर्मचारी संगठन ने सीएमओ और नपा अध्यक्ष को दी है। गुरुवार को सभी सफाई कर्मचारियों ने वाल्मीकि महापंचायत प्रदेश सचिव राहुल वाल्मीकि के नेतृत्व में मुख्य नगर पालिका अधिकारी, आष्टा एसडीएम को हड़ताल करने के विषय में ज्ञापन सौंपा। इस दौरान नगर के सफाई कर्मचारियों ने अपनी समस्याए भी बताई।

मध्यप्रदेश शासन के द्वारा पर्यावरण की रक्षा की दृष्टी से जिले भर में जगह-जगह चलाया जा रहा अभियान

# एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत थाना परिसर से लेकर ग्राम पंचायत व शासकीय विद्यालयों में लगाए पौधे







पर्यावरण की रक्षा और मध्य प्रदेश को हरा भरा प्रदेश बनाने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री के आव्हान पर एक पेड़ मां के नाम अभियान पूरे प्रदेश में चलाया जा रहा है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ दोराहा/अहमदपुर/श्यामपुर/जावर

थाना प्रभारी अहमदपुर ने आम जन से अपील की एक पेड़ मां के नाम लगा कर उसकी सुरक्षा कर पर्यावरण को सुरक्षित करने में अपना योगदान दे। गौरतलब है कि मध्यप्रदेश शासन के द्वारा पर्यावरण के रक्षा के दृष्टीगत एक पेड़ माँ के नाम अभियान सम्पुर्ण प्रदेश में चलाया जा रहा है। जिससे अधिक से अधिक वृक्ष लगाये जा सके। शासन की मशानुसार पुलिस मुख्यालय द्वारा प्रदेश की सभी पुलिस इकाई के थाना परिसर सहित पुलिस कार्यालय में वृक्ष लगाने हेतु दिशा निर्देश दिये गये थे। इसी अनुक्रम में पुलिस अधीक्षक मंयक अवस्थी द्वारा जिले के सभी अनुविभागीय अधिकारी व थाना प्रभारियों को निर्देश दिए गये थे। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गितेश गर्ग, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस पूजा शर्मा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी अहमदुपर द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान को अहमदपुर पुलिस परिवार के साथ थाना परिसर में 50 पौधे लगा कर सफल बनाया गया। अहमदपुर पुलिस द्वारा इस अभियान को ले कर काफी उत्साह में थे। प्रातः से ही थाना परिसर की साफ सफाई की गई एव पेड़ लगाने हेतु गढ्ढे किये गये। इसके उपरान्त थाना अधिकारी/कर्मचारी द्वारा अपनी मां के नाम सर्मर्पित एक एक पेड़ थाना परिसर में लगाया। व यह संकल्प लिया कि लगाए गए वृक्ष की देख रेख कर इसे नियमित रुप से पानी दे कर उसकी सुरक्षा कर उसे बड़ा करेगे। इस अवसर पर थाना प्रभारी अहमदुर अविनाश भोपले द्वारा सपत्निक प्रिया भोपले के साथ थाना परिसर में पेड़ लगाये व सभी नागरिकों से अपील की एक पेड़ मां के नाम लगा कर उसकी सुरक्षा कर पर्यावरण को सुरक्षित करने में अपना योगदान दे। इस अवसर पर उप निरीक्षक अविनाश भोपले थाना प्रभारी अहमदपुर, उपनिरक्षक पुष्पेन्द यादव सउनि पर्वत सिह मीणा, सउनि नारायण मीणा, सुरेन्द सिह, प्रआर राजेश, मोहन गोलिया, महिला आरक्षक प्रीति आर राजाबाबु, आर राधेश्याम, अरवेद्र, फरिद, हरिओम आर भगवान सिह, महेन्द्र मीणा, विवेक सिह, सैनिक कुमेर सिह, ज्ञानसिह सैनिक कृणपाल सैनिक धर्मेन्द्र सिह रहे।

### खाचरोद में भी लगाए पौधे



**खाचरोद।** एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत पुलिस चौकी खाचरोद पर चौकी प्रभारी सूरज सिंह परिहार द्वारा पौधरोपण किया गया। इसी के साथ ही ग्रामीणों से भी एक पौध लगाने और उसकी सुरक्षा कर पेड बनाने की अपील की। कहा कि पर्यावरण को जो नुकसान हम लोगों ने पहुंचाया है, उस नुकसान की भरपाई भी हम सभी को करनी होगी। तभी हमारा पर्यावरण सुंदर और हरा-भरा बनेगा। पौधरोपण के दौरान चौकी स्टाफ और ग्रामीण जन उपस्थित थे।

### जावर थाना और चौकी में एक साथ खाकी ने किया पौधरोपण

**जावर।** जावर थाना परिसर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत जावर थाना प्रभारी रामनारायण मालवीय के नेतृत्व में पौधरोपण किया गया। मध्यप्रदेश शासन के द्वारा पर्यावरण की रक्षा मध्य प्रदेश को हरा भरा प्रदेश बनाने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री के आव्हान पर एक पेड़ मां के नाम अभियान सम्पुर्ण प्रदेश में शुरू किया गया। शासन के निर्देश पर प्रदेश के सभी थानों व चौकी परिसरों को हरा-भरा बनाने जावर थाना, डोडी चौकी, मेहतवाड़ा चौकी, परिसरों में थाना प्रभारी रामनारायण मालवीय के नेतृत्व में सभी पुलिस स्टाफ, पत्रकार, स्कूली बच्चों ने नीम,आम, पीपल, जामुन, आंवला, सहित कई प्रजातियों के पौधरोपण किया और साथ ही संकल्प लिया कि हम पौधों की देखभाल भी करेंगे।



### एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत ग्राम पंचायत में हुई बैठक

एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत कन्या शाला अहमदपुर में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अहमदपुर ग्राम पंचायत सचिव धर्मेंद्र पाठक ने बताया शासकीय कन्या शाला परिसर में पौधरोपण में मुख्य अतिथि के रूप में नायब तहसीलदार धनजी मालवीय अहमदपुर थाना प्रभारी अविनाश भोपले व ग्राम के नागरिकों की उपस्थिति मेंपौधरोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें 51 पेड़ों का नायब तहसीलदार थाना प्रभारी व कन्या शाला के प्राचार्य और उपस्थित ग्राम वासियों द्वारा पौधरोपण किया गया। पौधरोपण कार्यक्रम में नायब तहसीलदार धनजी मालवीय, थाना प्रभारी अविनाश भोपले, प्राचार्य एम ए अंसारी, सरपंच अहमदपुर आशीष अहिरवार, सचिव धर्मेंद्र पाठक, पीसीओ सीएस बरखेडे व पूर्व सरपंच लखन सिंह गुर्जर, आजाद सिंह, अफजल खान और शासकीय कन्या शाला परिसर में समस्त स्टाफ के कर्मचारी की उपस्थिति में पौधरोपण हुआ ।

### श्यामपुर थाना परिसर में लगाए पौधे

**श्यामपुर।** मध्य प्रदेश शान द्वारा चलाए जा रहे एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण अभियान के तहत थाना श्यामपुर जिला सीहोर के अधिकारी कर्मचारी गणों द्वारा थाना श्यामपुर परिसर में पौधरोपण किया गया। पौधरोपण में थाना प्रभारी थाना श्यामपुर निरीक्षक संध्या मिश्रा, उप निरीक्षक रामबाबू राठौर, उप निरीक्षक अवनीष मौर्य, उप निरीक्षक राकेश कुमार शर्मा, उपनिराक सुनीति सिंह, सहायक उप निरीक्षक राजेंद्र सिंह गोयल सहित थाना श्यामपुर का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## विश्व जनसंख्या दिवस पर निकाली जनजागरूकता रैली, किया जागरूक




**आष्टा।** विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर सिविल अस्पताल में जनसंख्या वृद्धि को रोकने व परिवार कल्याण के स्थायी व अ स्थायी साधनों बारे में प्रचार करती हुई जनजागृति रैली निकाली। इसी प्रकार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोठरी शहरी स्वास्थ्य केंद्र आष्टा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जावर,प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मैना, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सिद्धिगंज व अन्य स्वास्थ्य संस्थाओ में भी रैली निकाली गयी। इस अवसर सिविल आष्टा व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जावर में नसबन्दी केम्प आयोजित किये गए। नसबन्दी केम्प में इंदौर से आए सर्जन डॉ मोहन सोनी द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जावर में 8 एलटीटी व सिविल अस्पताल आष्टा में 37 केस कुल मिलाकर 45 केस सफलता पूर्वक सम्पन्न किए गए। इस अवसर पर मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी जी डी सोनी, मोहन श्रीवास्तव बी ई ई व विवेक दुबे, मनोज मालवीय ओपी परसाई, भोपाल सिंह परमार, डॉ. पीके पवार, डॉ. बुशरा सिद्धिकी और समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## सफाई मित्रों को सौंपे जूते, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि मेवाडा ने कहा आपका कार्य अतिपारिश्रमिक है

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा




नपा नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ-साथ अपने कर्मचारियों का भी ध्यान रखती है। इसी के चलते सफाई मित्र जो कचरा ट्राली पर कचरा संग्रहण का कार्य करता था, उसे सफाई के दौरान पैर में चोट लगने की सूचना नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा को मिलने पर उन्होंने त्वरित सफाई मित्र का उपचार करवाने के निर्देश स्वच्छता अमले को दिए। कार्यालय पर सफाई मित्रों को बुलाकर उन्हें जूते सौंपे गए। मेवाड़ा ने उपस्थित सफाई मित्रों से कहा कि सफाई कार्य के दौरान नपा द्वारा दी जाने वाली सामग्री का उपयोग करते हुए कार्य करें, ताकि दुर्घटनाओं से बचा जा सकें आपका कार्य अतिपारिश्रमिक है। मेवाड़ा ने प्रभारी स्वच्छता निरीक्षक विनोद सांगते को निर्देशित कर कहा कि सफाई मित्र जहां-जहां भी कार्यरत है उनके कार्य को देखते हुए सामग्री उपलब्ध कराये जाए। सफाई मित्र अपनी जान जोखिम डालकर कार्य करते है, उनका पूरा ध्यान रखा जाए। इस अवसर पर पार्षद रवि शर्मा, विशाल चौरसिया, प्रभारी स्वच्छता निरीक्षक विनोद सांगते, जमादार मनोज घेंघट, अतिक्रमण प्रभारी कैलाश घेंघट, लखन डूमाने, वाहन चालक गब्बर सहित सफाई मित्रगण मौजूद थे।

## भागवत कथा श्रवण करने आए भक्तों ने किए भगवान के दर्शन, कथा में सुना प्रभु का वर्णन

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



भगवान श्री जगन्नाथ के अपनी मौसी के यहा पधारने पर भगवान जगन्नाथ की मौसी के घर आनंद धाम पर संगीत मय श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का आयोजन किया गया है। कथा का तीसरे भक्त अजामिल की कथा जय विजय द्वितीय अद्वितीय एवं मरुद्गणों का जन्म का विस्तार से कथा सुनाई।

तृतीय दिवस पर कथा व्यास पंडित कन्हैया लाल शर्मा भागवत भूषण ने श्रीमद् भागवत महापुराण कथा में तीसरे दिन कथा आदि को लेकर विस्तार से बताया । इस अवसर पर कथा श्रवण करने जीवन सिंह कथा वाचक, हंसकुमार वर्मा, ज्ञान सिंह गायक कलाकार, दीक्षांत गोस्वामी अलीपुर लंकेश अवंतीपुर बडोदिया,चंचु ताम्रकार मेजर साउंड, सुरेश पांचाल, दिलीप सांवरिया, कमलेश प्रीति ताम्रकार, शिव श्री वादी, राधेश्याम नायक, बृजमोहन सोनी, क्षमा शर्मा, उमा चंद्रशेखर शर्मा महेंद्र राधा शर्मा, रमा गजेंद्र शर्मा, अंजलि अनुराग शर्मा, रानी सोनी भुवनेश्वरी शर्मा, सनातन देव शर्मा, धाता शर्मा आदि सभी भक्तगण बडी संख्या में उपस्थित रहे। धर्माधिकारी गजेंद्र शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि आनंद धाम पर 8 से 14 जुलाई तक दोपहर में 2 बजे से शाम 5 बजे तक पंडित भवानी शंकर शर्मा के निवास आनंद धाम आष्टा पर कथा का आयोजन किया गया है।

## महिला जागृति मंच मेन का मासिक भक्तांबर जी पाठ और चौबीसी संपन्न



**आष्टा।** अखिल भारतीय महिला जागृति मंच मेन शाखा आष्टा की मासिक बैठक मंच की प्रियंका सौरभ जैन के नेमि नगर साईं कॉलोनी स्थित निवास पर संपन्न हुई। मासिक भक्तांबर जी पाठ और चौबीसी संपन्न हुई। जिसमें आचार्य पुलक सागर महाराज की आरती कर पौधरोपण भी किया गया। प्रियंका जैन ने अपने निवास पर मंच का मासिक पाठ, भजन भक्ति का रंगारंग समारोह आयोजित कर पौधरोपण भी उत्साह पूर्वक करवाकर नगर को हरा भरा करने का संकल्प लिया। बैठक में महिला जागृति मंच मेन शाखा आष्टा अध्यक्ष श्रद्धा नरेन्द्र गंगवाल, संरक्षक प्रीति जितेंद्र जैन ने नगर में मुनिश्री निष्पक्ष सागर महाराज ससंघ के होने वाले चातुर्मास से उपस्थित सभी को अवगत कराया। प्रियंका जैन ने उपस्थित मंच की टीम के साथ पौधरोपण कर हरा-भरा नगर बनाने हेतु सभी से पौधरोपण कर पर्यावरण पर ध्यान देकर रोप गए पौधों की देखभाल कर वृक्ष का रूप देने का आव्हान किया।

अब डायलिसिस इकाई में भर्ती मरीजों को नही होगी बोरियत

## विधायक ने अपने वेतन से इकाई में लगवाई स्मार्ट टीवी

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



आष्टा विधायक गोपालसिंह इंजीनियर जब से विधायक बने है तभी से उन्होंने आष्टा के सिविल अस्पताल में कैसे ज्यादा से ज्यादा,अच्छी से अच्छी सुविधाए मरीजों को उपलब्ध कराने के पूरे प्रयासों में जुटे है। पहले से सुविधाओ में लगातार वृद्वि हो रही है। विशेषज्ञ डॉक्टरों के आने का सिलसिला भी शुरू हो चुका है। अब आष्टा के सिविल अस्पताल में बच्चों का 30 बेड का आईसीयू की सुविधा शुरू है,यही अब मरीजों की डायलिसिस भी शुरू हो गया है। आने वाले समय मे ओर कई सुविधाओ के मिलने के प्रयास जारी है। आष्टा विधायक गोपालसिंह इंजीनियर को जब पूर्व में निरीक्षण के दोरान डायलिसिस इकाई में भर्ती किसी मरीज ने कहा था यहा एक टीवी होना चाहिये उसी बात को और मांग पर आष्टा विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने मप्र सरकार से विधायक के रूप में प्रतिमाह मिलने वाले वेतन की राशि मे से उक्त स्मार्ट टीवी खरीद कर अपनी ओर से आष्टा सिविल अस्पताल की डायलिसिस इकाई में लगवाई ओर गुरूवार को विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने एसडीएम स्वाति उपाध्याय, बीएमओ डॉ जीडी सोनी,जिला भाजपा के मीडिया प्रभारी सुशील संचेती,डॉ गम्भीर पटेल,चित्रा सोनी,एके जैन, नरेंद्र गंगवाल, दिनेश शर्मा आदि की उपस्तिथि में रिमोर्ट का बटन पुश कर लगवाई गई उक्त स्मार्ट टीवी चालू की। भर्ती मरीजों ने इसके प्रति विधायक आष्टा का आभार व्यक्त किया।

## विधायक ने मानस भवन की छत का भूमि-पूजन कर शुरू कराया कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोठरी



नगर के विकास को ध्यान में रखते हुए नगर में होने वाले सार्वजनिक कार्यक्रमों के लिए आमजन एवं नगरवासियों को परेशानी न हो इसके लिए आष्टा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक गोपालसिंह इंजीनियर द्वारा नगर के बीचों-बीच स्थित वार्ड 8 के मानस भवन की नवीन छत निर्माण हेतु 5 लाख की राशि तथा नगर के वार्ड 02 में पवन चौक में टीनशेड निर्माण हेतु भी 5 लाख की विधायक निधि से घोषणा कर मानस भवन की नवीन छत निर्माण का भूमिपूजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक कार्यक्रम की अध्यक्षता नगीना राधेश्याम दलपति मानस भवन समिति के अध्यक्ष सुन्दरलाल पटेल, न.प. उपाध्यक्ष प्रीतियुवराजसिंह, पूर्व न.प. अध्यक्ष रूपेश पटेल, मुख्य नगर पालिका अधिकारी नरेन्द्र कुमार जाटव पार्षदगणों में ललता विजय सिंह, सीमा मुकेश भेण्डी, ऋचा संजय पटेल, सीमा जितेन्द्र आजाद, देवकरण बकोरिया, राजपाल खेरी, सीमा जगदीश मेंचन, वबीता धरमसिंह, भाग्यश्री रितेश पटेल, रितु शिशुपाल, मदनलाल वर्मा, मनीषा दिनेश चौधरी पूर्व पार्षद सुनील केलिया, रमेश मालवीय राधेश्याम राणा नागरिकगण देवकरण दुबे, भोपालसिंह मण्डलोई, अर्जुन पटेल, शादीलाल दलपति, अनूप सेठ, मनोज वर्मा, अरविन्द्र वर्मा, आदि की उपस्थिति में भूमिपूजन का कार्यक्रम सम्पन्न किया गया तथा क्षेत्रीय विधायक का अभार व्यक्त कर धन्यवाद दिया